# पर्यावरण दिवस

आज दिनांक 5 जून 2024 दिन बुद्धवार को जे. पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन, बियावानी, बिहार शरीफ, नालंदा के प्रांगण में नालंदा वन विभाग के सदस्यों की उपस्थिति में " पर्यावरण दिवस " मनाया गया। इस अवसर पर जे. पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सचिव एवं सभी सदस्य, वन विभाग के अधिकारी, सभी प्रशिक्षु ने वृक्षारोपण किया। संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार ने वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हाल के दिनों में जिस प्रकार पर्यावरण में अत्यधिक बदलाव दिखा है और भीषण गर्मी पड़ी है इससे बचने एवं पर्यावरण के संतुलन के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना एवं उसकी सुरक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी बन जाती है। इस अवसर पर संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी श्री एस. दिवाकर, सभी विभागों के प्राचार्य, सभी शिक्षकगण एवं सभी विभागों के प्रशिक्षुगण एवं छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे।